**भारत सरकार**
**आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.1901**
**28 जुलाई, 2022 को उत्तर के लिए**

**पीएमएवाई-यू के अंतर्गत निधि**

**1901. श्रीमती प्रमिला बिसाई:**

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि पिछले तीन वित्तीय वर्षों तथा चालू वर्ष के दौरान प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के अंतर्गत स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई धनराशि कितनी है?

**उत्तर**
**आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री**
**(श्री कौशल किशोर)**

'भूमि' और 'कॉलोनीकरण' राज्य के विषय हैं। यह मंत्रालय, 'सब के लिए आवास' के लक्ष्य के तहत, सभी पात्र परिवारों/ लाभार्थियों के लिए आवासों के निर्माण हेतु 25.06.2015 से प्रधान मंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) के तहत केंद्रीय सहायता प्रदान करके राज्य/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) सरकारों के कार्यों में सहयोग दे रहा है। अब तक, संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा इस मंत्रालय को प्रस्तुत परियोजना प्रस्तावों के आधार पर, पीएमएवाई-यू के तहत 2.03 लाख करोड़ रूपये की केंद्रीय सहायता वाले 122 लाख से अधिक आवासों को स्वीकृति दी गई है। पिछले तीन वित्तीय वर्षों (2019-20 से 2021-22) और चालू वर्ष (2022-23) के दौरान, 1,00,318.66 करोड़ रुपए की केंद्रीय सहायता स्वीकृत की गई है, जिसमें 70,697.39 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं और 89,000.07 करोड़ रुपए का उपयोग किया गया है; जिनका राज्य/संघ राज्य क्षेत्र वार ब्यौरा संलग्न है।

दिनांक 28.07.2022 के लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1901 के उत्तर मे उल्लिखित अनुलग्नक

**पीएमएवाई-यू के तहत पिछले तीन वर्षों (2019-20 से 2021-22) और चालू वर्ष (2022-23) के दौरान स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई केंद्रीय सहायता का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा**

18.07.2022 तक

| क्रमांक | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | स्वीकृत केंद्रीय सहायता ( करोड़ रुपए में ) | जारी की गई केंद्रीय सहायता ( करोड़ रुपए में ) | उपयोग की गई केंद्रीय सहायता (करोड़ रुपए में ) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (यूटी) | 5.42 | 1.69 | 1.52 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 23,418.49 | 7,477.54 | 8,722.91 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 53.10 | 57.58 | 64.62 |
| 4 | असम | 1,634.36 | 800.51 | 1,110.23 |
| 5 | बिहार | 1,659.04 | 1,193.74 | 1,912.56 |
| 6 | चंडीगढ़ (यूटी) | 20.87 | 20.87 | 20.87 |
| 7 | छत्तीसगढ | 2,044.87 | 1,795.71 | 2,461.00 |
| 8 | दादर और नगर हवेली दमन और दीव (यूटी) | 104.16 | 107.53 | 123.24 |
| 9 | दिल्ली (एनसीआर) | 334.01 | 334.01 | 334.01 |
| 10 | गोवा | 55.99 | 55.99 | 56.01 |
| 11 | गुजरात | 10,737.68 | 9,688.82 | 11,011.63 |
| 12 | हरियाणा | 654.85 | 710.66 | 810.77 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 120.39 | 109.26 | 138.71 |
| 14 | जम्मू और कश्मीर (यूटी) | 387.15 | 274.99 | 246.21 |
| 15 | झारखंड | 1,751.54 | 1,126.69 | 1,239.74 |
| 16 | कर्नाटक | 3,235.40 | 2,374.20 | 3,892.61 |
| 17 | केरल | 1,056.84 | 824.51 | 1,264.55 |
| 18 | लद्दाख (यूटी) | 4.00 | 4.89 | 7.78 |
| 19 | लक्षद्वीप (यूटी) | - | - | - |
| 20 | मध्य प्रदेश | 6,481.77 | 5,867.28 | 10,132.17 |
| 21 | महाराष्ट्र | 15,050.05 | 9,707.09 | 9,374.96 |
| 22 | मणिपुर | 263.05 | 165.16 | 491.60 |
| 23 | मेघालय | 38.22 | 18.71 | 22.25 |
| 24 | मिजोरम | 171.65 | 94.15 | 118.51 |
| 25 | नागालैंड | 152.58 | 155.10 | 151.63 |
| 26 | ओडिशा | 1,636.58 | 1,036.02 | 1,038.22 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 27 | पुडुचेरी (यूटी) | 107.05 | 104.86 | 116.24 |
| 28 | पंजाब | 1,139.84 | 948.12 | 1,021.85 |
| 29 | राजस्थान | 2,256.23 | 2,385.80 | 2,287.83 |
| 30 | सिक्किम | 3.30 | 3.30 | 3.30 |
| 31 | तमिलनाडु | 5,018.15 | 5,139.66 | 7,898.45 |
| 32 | तेलंगाना | 1,774.73 | 1,459.83 | 1,544.06 |
| 33 | त्रिपुरा | 435.27 | 462.09 | 622.39 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 11,902.65 | 12,902.66 | 16,400.86 |
| 35 | उत्तराखंड | 612.63 | 330.00 | 379.02 |
| 36 | पश्चिम बंगाल | 5,996.75 | 2,958.37 | 3,977.76 |
| कुल | | **1,00,318.66** | **70,697.39** | **89,000.07** |

*पिछले तीन वर्षों के पूर्ववर्ती वर्षों और चालू वर्ष की अनुमोदित केंद्रीय सहायता में से जारी की गई धनराशि शामिल है।

** पिछले तीन वर्षों के पूर्ववर्ती वर्षों और चालू वर्ष की अनुमोदित केंद्रीय सहायता में से उपयोग की गई धनराशि शामिल है।

*****